दैनिक जागरण - 09 अप्रैल, 2025

मदद एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से येरम शट्टि साई का लिखा यह नाटक ऐसे व्यक्ति के बारे में है, जिसके पास सब कुछ है, बस अपना परिवार नहीं व्यक्ति के साथ भी कुछ ऐसा ही होता है। निशा बेगम के निर्देशन में मंचित नाटक में शोभित वर्मा, अर्पित श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, मोसिन, तारिक, दीपा ने अभिनय किया।

जागरूकता से कम होंगे दृष्टिबाधित : प्रो. हिमांशु शेखर

जासं • लखनऊ : दिव्यांगजन आयुक्त की ओर से आयोजित अंधता निवारण सप्ताह का समापन मंगलवार को संगोष्ठी के साथ हुआ। राज्य आयुक्त प्रो. हिमांशु शेखर झा की अध्यक्षता में निशातगंत स्थित कार्यालय में हुई संगोष्ठी में आयुक्त ने कहा कि जागरुकता से इसे दूर किया जा सकता है। मुख्य प्रवक्ता अमिता दुबे ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विश्व में 80 प्रतिशत मामलों में अंधता को रोका या ठीक किया जा सकता है। नेत्र स्वास्थ्य, अंधता की रोकथाम और समय पर इलाज को लेकर जागरूकता से इस पर विराम लग सकता है। आयोजन में जया गुप्ता, रिंकी शर्मा, प्रो. मुशीर अहमद व उपायुक्त शैलेंद्र कुमार सोनकर, समेत कई लोग मौजूद थे।

हैकनोवेट में चमके केएमसी के विद्यार्थी

जासं, लखनऊ : भाषा विश्वविद्यालय के बी .टेक (कंप्यूटर साइंस) दूसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने हैकाथान हैकनोवेट 6 .0 में बेस्ट बिगिनर टीम का खिताब जीता। यह प्रतियोगिता चार और पांच अप्रैल को एबीईएस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, गाजियाबाद की ओर से 24 घंटे आयोजित की गई थी। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए टीम को प्रशस्ति पत्र के साथ 3,000 रुपये की नकद राशि दी गई। विजेता टीम में आशीष मौर्य, पुष्कर कांत मिश्रा, सोनी गुप्ता और श्वेता यादव शामिल थे।

AnyScanner